न्यायालय लैण्ड रेकर्ड ओफिसर (एस.डी.ओं.) सिरोही राज.

क्रमांकः कोर्ट / 2020 / 4682 दिनांकः 30–12–2020

राजस्व प्रा. पत्र संख्या...158.../2020

प्रेषितः–

तहसीलदार
सिरोही

उपतहसीलदार कालन्द्री तहसील सिरोही द्वारा जरिये पत्र क्रमांक भू.अ./2020/622 दिनांक 24.12.2020 के सलंग्न प्रार्थी जवाहरमल पुत्र सोमाजी पुरोहित निवासी नून के प्रार्थना पत्र व प्रार्थी के संयुक्त खातेदारी की कृषि आराजी मौजा नून पटवार मण्डल फुगनी की चालू जमाबन्दी संवत् 2071–74 के खाता संख्या नया 119, 331, 332, 402, 404, 406 व 417, प्रार्थी जवाहरमल पुत्र सोमाजी पुरोहित निवासी नून का प्रार्थना पत्र दिनांक 4.12.2020 मय पटवार हल्का फुंगणी जॉच रिपोर्ट दिनांक 8.12.2020, पुरानी जमाबंदी संवत 2051–2054 खाता संख्या नया 195 तथा जमांबदी संवत् 2063–66 खाता संख्या 96 राशनकार्ड, आधारकार्ड तथा वोटर कार्ड की प्रति पेश कर प्रार्थी ने अपना व अपने पिता का नाम शुद्व करने का निवेदन किया है। पटवारी हल्का फुंगनी की जांच रिपोर्ट एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार ग्राम नून की वर्तमान जमाबंदी संवत् 2071–74 के खाता सं 118 में प्रार्थी जवाहरमल पुत्र सोमा जाति पुरोहित सा. नून के नाम से खातेदारी दर्ज है जो कि प्रार्थी का वास्तविक नाम है। खाता सं. 119 में प्रार्थी का नाम तो सही है परन्तु प्रार्थी के पिता का गलत नाम सोमा, खाता सं. 331 व 417 में प्रार्थी का गलत नाम जुहारमल तथा खाता सं. 332, 402, 404 व 406 में प्रार्थी स्वयः तथा पिता का नाम गलत दर्ज है। प्रार्थी का सही व वास्तविक नाम जवाहरमल पुत्र सोमाजी है। उसके अन्यं दस्तावेजों यथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र व राशनकार्ड आदि में भी प्रार्थी का नाम (सही) जवाहरमल पुत्र सोमाजी ही है। अतः प्रार्थी के उक्त खातों में एक समान सही नाम जवाहरमल पुत्र सोमाजी दर्ज करने की शुद्वि करना उचित है। हमने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय उक्त वर्णित दस्तावेज प्रतियों व पटवारी हल्का फुंगनी की जांच रिर्पोट तथा उपतहसीलदार कालन्द्री की उक्त अनुशंषा रिपोर्ट का गहनतापुर्वक अवलोकन कर उस पर मनन कर विवेचन के उपरान्त उक्त सभी के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित होने से राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत उक्त प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार सिरोही भूमिधारी को पुनः मुल प्रस्ताव मय राजस्व रेकर्ड की प्रतियॉ को भेजकर आदेश दिये जाते है कि प्रस्तावानुसार वर्तमान जमाबदी सवंत् 2071–2074 के खाता संख्या 119, 331, 332, 402, 404, 406 व 417 में प्रार्थी के स्वंयः व पिता के गलत नाम के स्थान पर सही नाम जवाहरमल पुत्र सोमाजी की शुद्धि कर दर्ज/राजस्व रेकर्ड मे दुरूस्ती कर जमाबंदी अपडेट कर पालना रिपोंट एक सप्ताह में भीतर इस न्यायालय का आवश्यक रूप से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Harsmukh Kumar
Date: 2021.08.10 15:09:33 IST
Reason: SelfAttested

लैण्ड रेकर्ड ओफिसर (एस.डी.ओ.)
सिरोही

लैण्ड रिकार्ड ऑफिसर
(उपखण्ड अधिकारी)
सिरोही (राज.)